सफाई कर्मचारियों की कार्यक्षमता बढ़ाने पर काम कर रहा निगम

कर्मचारियों को कार्यशाला के माध्यम से दी जानकारी

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

जोधपुर. स्वच्छ भारत मिशन के तहत सफाई कर्मचारियों की कार्यक्षमता को बढ़ाने और स्वच्छता टिप्स को लेकर अरबन मैनेजमेंट सेंटर अहमदाबाद की ओर से कैपेसिटी बिल्डिंग ट्रेनिंग प्रोग्राम का आयोजन किया गया। नगर निगम सभागार में आयोजित हुए इस प्रोग्राम में वार्ड नंबर 1 से 33 तक सभी वार्ड प्रभारी और मुख्य सफाई निरीक्षक मौजूद रहे। कार्यशाला में यूएमसी के दक्ष प्रशिक्षक नीलेश प्रजापति, नेहा सिंह, पूनम और अरविंद ने स्वच्छ भारत मिशन को लेकर जानकारी दी।

इस कार्यशाला में सफाई निरीक्षकों को स्वच्छता एप का उपयोग करने उस पर आने वाली शिकायतों के निस्तारण करने, शिकायतों का निस्तारण करने के बाद उसे वापस अपलोड करने की जानकारी दी गई। साथ ही शहर को सुंदर बनाए रखने के लिए किस तरह के प्रयोग किए जा सकते है इसके बारे में बताया गया। कार्यशाला में डोर टू डोर कचरा संग्रहण योजना के सफल संचालन के बारे में जानकारी दी गई। कार्यशाला में स्वच्छ भारत मिशन से जुड़ी एक शॉर्ट मूवी भी दिखाई गई। इस अवसर पर महापौर घनश्याम ओझा और निगम आयुक्त सुरेश कुमार ओला ने सभी सफाई प्रभारियों को स्वच्छता प्रहरी बताते हुए कहा कि स्वच्छ भारत मिशन की सफलता में सबसे महत्वपूर्ण भूमिका आप लोगों की हैं। कार्यशाला में संजय पुरोहित, स्वास्थ्य अधिकारी सचिन मौर्य मौजूद रहे।